एक लाख आबादी को मिलेगा नया अस्पताल, जे.एल.एन. पर दबाव होगा कम

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नए अजमेर के निर्माण की शुरूआत हो चुकी है। हम सब मिलकर अजमेर का नवनिर्माण करेंगे। कोटड़ा में बनने वाला सैटेलाइट अस्पताल एक लाख आबादी को कवर करेगा। यहां सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पर दबाव कम होगा। पहले बजट में ही अजमेर को 1500 करोड़ के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को कोटड़ा क्षेत्र में नए सैटेलाइट अस्पताल की नींव रखी। यह अस्पताल 26 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होगा। इसमें 50 बैड होंगे। यहां सभी विभागों की सेवाएं मिलेंगी। अजमेर उत्तर में फिलहाल संभाग का सबसे बड़ा जवाहर लाल नेहरू अस्पताल है, लेकिन पूरे संभाग के मरीजों का दबाव रहने से चिकित्सा व्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। इसी तरह शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंचशील में है। अब नया अस्पताल बनने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की एक लाख आबादी को राहत मिलेगी।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को कोटड़ा क्षेत्र में नए सैटेलाइट अस्पताल की नींव रखी।

कोटड़ा, हरिभाऊ उपाध्याय, बी.के. कौल, फॉयसागर रोड़, हाथीखेड़ा, बोराज, अजयसर, खरेकड़ी, नौसर, रामनगर, काली का मंदिर और आसपास की कॉलोनियों के लोगों को बीमारी के उपचार के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि हम अजमेर के नवनिर्माण पर काम कर रहे हैं। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। राज्य सरकार के पहले बजट में इसकी झलक दिखाई दी है। पहले बजट जिले को 1500 करोड़ रूपए की सौगातें मिली हैं। सैटेलाइट अस्पताल 26 करोड़ रूपए से बनेगा, यहां 50 बैड होंगे। इसी तरह जवाहर लाल नेहरू

■ **विधानसभा अध्यक्ष ने रखी कोटड़ा सैटेलाइट अस्पताल की नींव**

अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए 200 करोड़ रूपए मंजूर हो गए हैं। शीघ्र ही इस पर काम शुरू होगा। इन सेवाओं के उपलब्ध हो जाने से संभाग के मरीजों को उपचार के लिए जयपुर या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चिकित्सा उन्हें अजमेर में ही मिल जाएगी। अस्पताल की नवीन इकाइयों को भी जल्द शुरू किया जाएगा।

देवनानी ने कहा कि इसी तरह अजमेर में आयुर्वेद यूनिवर्सिटी का कम भी जल्द शुरू होगा। इससे शिक्षा जगत को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। माकड़वाली में आईटी पार्क रोजगार और तकनीकी नई राह खोलेगा। स्पोर्ट्स कॉलेज और एथलेटिक्स अकादमी खेलों को बढावा देंगी। हरिभाऊ उपाध्यय नगर में नया थाना और दरगाह संपर्क सड़क पर नई चौकी का काम भी जल्द शुरू होगा।

आग से लाखों रुई एवं मशीनरी जली

बिजयनगर, (निसं)। बीती रात औधौगिक क्षेत्र में स्थित बिल्लु एन्टरप्राइजेज फेक्ट्री के काटन वेस्ट गोदाम में अज्ञात कारणो के चलते हुयी आगजनी की घटना से क्षेत्र मेंअफरा तफरी मच गई। कॉटन वेस्ट के गोदाम में लगी आग देखते ही देखते चारो ओर फैल गई।आग की लपटो से लाखो की काटन वेस्ट,रुई की गांठें व फैक्ट्री की मशीनरी जल गई।

आग की लपटो से पूरे औधोगिक क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया। आगजनी की जानकारी मिलने पर औधौगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिक,उद्यमी मौके पहुंचे ओर आग बुझाने के लिए कोशिश करते रहे लेकिन बेकाबू आग को बुझाने में विफल रहे। आग जनी की घटना की सूचनापुलिस को दी गई थानाधिकारी करण सिंह खन्गारोत मय जाब्ते मौके पर पहुंचे ओर आग जनी की घटना की फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

आगूचा माईस फायर ब्रिगेड नगरपालिका फायर ब्रिगेड खारी ग्राम मिल की फायर ब्रिगेड के कर्मचारियो की सहायता से काफी देर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रिको औधौगिक विकास समिति के अध्यक्ष विमल धम्माणी, पालिका पार्षद मनोहर कोगटा, मोहित गोखरु सहित जनप्रतिनिधियों व श्रमिकों ने फायर ब्रिगेड कर्मचारीयों के साथ आग बुझाने में सहयोग किया।

सार-समाचार

रिश्वत के आरोपी की जमानत मंजूर

अजमेर(कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्येरो अजमेर द्वारा गत 9 सितम्बर 2024 को आदर्शनगर थाने मे तैनात रिश्वत के आरोप मे गिरफतार किए गए सुरेश चंद को आज विशिष्ट न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण न्यायाधीश बन्नालाल जाट द्वारा जमानत मंजूर कर ली गई है। एडवोकेट बृजेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि परिवादी वीनेंद्र मैं एक रिपोर्ट भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजमेर में दी और बताया की पुलिस थाना आदर्श नगर में मेरे खिलाफ साजन पठान द्वारा एक लिखित शिकायत दी गई है, जिसमें मुझे अनुसंधान अधिकारी सुरेश चंद हेड कांस्टेबल द्वारा परेशान किया जा रहा है विनेंद्र ने शिकायत में बताया कि साजन पठान द्वारा जो मेरे खिलाफ शिकायत दी गई थी उसे शिकायत में बताया कि साजन पठान मेरे ही गोदाम पर चालक का काम करता है और मेरे सीमेंट का गोदाम है वीरेंद्र और साजन पठान के मध्य 2 लाख 60 हजार रुपए का बकाया होना बताया था, जिसे साजन पठान द्वारा वीरेंद्र को उक्त राशि का चेक 31 अगस्त 2024 को तारीख को मुझे मिल गया है और उक्त परिवाद में हमारा राजीनामा हो गया है। उक्त राजीनामा को मैंने अनुसंधान अधिकारी सुरेश चंद हेड कांस्टेबल के समक्ष भी पेश कर दिया था, उसके बाद सुरेश चंद द्वारा उक्त परिवाद में राजीनामा करवाने की एवज मे10 हजार राशि की डिमांड की गई, 9 सितंबर 2024 हेड कांस्टेबल सुरेश चंद को 10 हजार की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ एसबी अजमेर द्वारा गिरफ्तार किया गया था जिसे आज दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को विशिष्ट न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण न्यायाधीश बन्ना लाल जाट द्वारा रिहाई के आदेश फरमाए गए अभियुक्त हेड कांस्टेबल सुरेश के मुकदमे की पैरवी एडवोकेट रविंद्र सिंह चुंडावत व एडवोकेट बृजेंद्र राठौड़ द्वारा की गई।

स्नेह मिलन समारोह आयोजित

अजमेर, (कासं)। वरिष्ठ नागरिकों के साथ अपनेपन व आत्मीयता के आचरण करने से उनकी अत्यन्त प्रसन्ता मिलती है। उपरोक्त विचार मंगलवार को धनतेरस के पर्व पर वरिष्ठ नागरिको के दीपावली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में 185 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। नि:शुल्क मानवता सिकसेम सेवा केन्द्र शहीद भगत सिंह मार्ग पर आयोजित दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में निदेशक उमर खान ने मुख्य अतिथि के रूप में रमेश लालवानी और वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार, हेमन्त कुमार शर्मा और विजय कुमार यादव का मोतियों की माला व आईकवर और हैक्सा भेंट कर अभिनंदन किया। विशेषज्ञ राजकुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को प्रात: 10 बजे से सर्वधर्म प्रतिनिधियों के द्वारा दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एम.डी.एस. में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

अजमेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को धनतेरस के दिन रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत देशभर में विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियों में चयनित 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। पीएम मोदी ने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चयनित कैंडीडेट्स को ज्वाइनिंग लेटर का वितरण किया। इसी के तहत अजमेर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती विश्विद्यालय में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सहभागिता की।

रोजगार मेला नए अवसर सृजित करने में अहम: रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश की युवाशक्ति के लिए रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने को मोदी सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी रोजगार मेला कार्यक्रम को युवाओं के सपनों को साकार करने वाला कदम बताया और कहा कि इस पहल से न केवल बेरोजगारी कम होगी,बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, निगम उपमहापौर नीरज जैन, डाक सेवा निदेशक राजस्थान परिमंडल अनुब्रता संकरकुमार, डीआरएम अजमेर आलोक अठावाल सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी, युवा अभ्यर्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धनतेरस पर बाजार रहे गुलजार, जमकर हुई खरीदारी

अजमेर, (कासं)। छह दिवसीय दीपावली महापर्व की शुरुआत मंगलवार धनतेरस के साथ हुई। धनतेरस पर शहर के सभी बाजार लोगों की भीड़ से गुलजार रहे और दिनभर खरीदारी का दौर चला। इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, सोने-चांदी, रेडीमेड कपड़ों की जमकर बिक्री हुई। महंगे शौक रखने वाले धनतेरस पर जमकर खरीदारी कर रहे हैं। धनतेरस पर शहर के बाजारों में देर रात तक करीब 200 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद की गई।

बाजार में खरीददारी करने आने वाले महिलाओं ने बताया कि धनतेरस का मंगलवार को पर्व मनाया जा रहा है। पर्व पर इस दिन चांदी, पीतल और तांबे की खरीदारी ज्यादा शुभ मानी जाती है।

धनतेरस पर बाजार में उमड़ी खरीददारी के लिए भीड़।

सर्राफा व्यापारियों ने बताया कि आज महालक्ष्मी का दिन है। आज के दिन सर्राफा व्यापारियों को अच्छा कारोबार होने की उम्मीद रहती है। इस बार विभिन्न वैरायटी चांदी और सोने में उपलब्ध है। हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार दीपावली कहा जाता है। आज के दिन चारों तरफ खरीददारों की भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस पर पुरानी मंडी, आगरा गेट, मदार गेट, नया बाजार, कैसरगंज डिग्गी चौक सहित अन्य इलाकों में खील-बताशे, चपड़ा-सटेली और अन्य पूजन सामठी की अस्थायी दुकानों पर भी भीड़ रही।

सर्राफ बाजार में ज्वैलरी की दुकानों पर दिनभर भीड़ उमड़ी। लोगों ने सोने-चांदी के सिक्कों लक्ष्मी.गणेश सहित अन्य मूर्तियों और बर्तनों की जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने ज्वैलरी की खरीद में रुझान दिखाया, हालांकि सोने के भाव अधिक होने से लाइट वेट ज्वैलरी की अधिक बिक्री हुई। महिलाओं ने हार, सेट, चूडियां, बिछुए, कुंडल, टॉप्स की खरीद की। धनतेरस पर शहर में 8 करोड़ से अधिक की ज्वैलरीए सिक्के और मूर्तियों के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया गया और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई। शपथ ली गई कि ''मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करूंगा।'' इस समारोह का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है, जिसके लिए सरदार वल्लभभाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा, ''सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों ने हमारे देश को एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाने में मदद की। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए।'' इस अवसर पर सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आम सूचना

मेरे पिता श्योराज जाट पुत्र कल्याण जाट जाति जाट निवासी माण्डियावड खुर्द की मृत्यु दिनांक 8-10-2004 को मेरे निवास स्थान माण्डियावड खुर्द में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत काकलवाड्या में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता श्योराज जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-शैतान पुत्र श्योराज जाट निवासी माण्डियावड खुर्द तह. अरांई (अजमेर)

आम सूचना

मैं रामेश्वर पुत्र रतना जाति रेगर निवासी शेरगढ़ हूं जो कि मेरा रामेश्वर पुत्र रतना रेगर के नाम सन 2004 में एक पट्टा ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया गया जिसकी रसीद संख्या 50, पट्टा संख्या 27 है जिसको ग्राम पंचायत द्वारा 20/5/2004 जारी किया गया था। लेकिन उक्त पट्टा मेरे द्वारा खो गया है। जिसकी मेरे द्वारा मसूदा पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई जिसकी 16/11/2021 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। जबकि आज दिनांक तक पट्टा नहीं मिला है। भविष्य में मिलने की संभावनाएं है साथ ही पट्टे को किसी प्रकार का दुरूपयोग किया गया तो मैं स्वंय जिम्मेदार रहूंगा।

प्रार्थी- रामेश्वर पुत्र रतना रेगर ग्राम पंचायत शेरगढ़ प.स. मसूदा जिला ब्यावर

आम सूचना

मेरी माता जी श्रीमति अख्तर बेगम पत्नि स्व. मो. शब्बीर जाति मुसलमान निवासी मदीना मस्जिद के पास, गांधीनगर, मदनगंज-किशनगढ़, जिला-अजमेर, राजस्थान की मृत्यु दिनांक 16 नवम्बर 2007 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-मो. मालिक पुत्र स्व. मो. शब्बीर, गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़

सी.एल.जी. सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर के पुलिस थाना परिसर में सीएलजी बैठक आयोजित हुई वहीं यह बैठक दीपावली के पर्व पर कानून व्यवस्था साहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

वहीं उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। वहीं बैठक में उपखंड अधिकारी ने कहा कि शहर में अमन चैन और शांति व सद्भाव के साथ मिल जुल कर हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए हम सभी भाई चारे के साथ रहे और एक दूसरे के पर्व त्यौहार में सहभागी बनें त्योहार भाईचारे से मिलकर बनाएं वहीं बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि दीपावली पर कानून व्यवस्था बनाए रखें व समिति सदस्य भी पुलिस का सहयोग करें इस बैठक में दीपावली गोवर्धन पूजा भाई दूज व घास भैरू की सवारी के मार्ग को लेकर अन्य त्योहारों को लेकर चर्चा की गई वहीं बैठक में सीएलजी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें इस मौके पर राधेश्याम पोरवाल ने दीपावली पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई व अतिरिक्त पेयजल सप्लाई की मांग की।

वहीं कमलेश रेगर ने कहा कि दीपावली पर विद्युत कटौती बंद करने की मांग रखी व बाजार में बड़े वाहनों को प्रवेश पर रोक लगाने की मांग उठाई।

वहीं रामस्वरूप वैष्णव ने कहा कि शहर में खुले गोवंश को गौशाला में छोड़ने की मांग की व बैठक के दौरान बस स्टैंड चमन चौराहे पर यातायात व्यवस्था पुलिस के जवान तैनात करने की मांग राखी व शहर में तेज मोटरसाइकिल चलाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग रखी। वहीं सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी बात रखी। इस दौरान बैठक में उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर व सरवाड़ थाना अधिकारी जगदीश चौधरी, नगर पालिका कनिष्ठ सहायक भागचंन्द खींची व जलदायिक विभाग कनिष्ठ अभियंता श्रवण कुमार, विद्युत विभाग से रतनलाल पांचाल व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचन्द चांपा, राधेश्याम पोरवाल, अजय पारीक, कमलेश रेगर, रामस्वरूप वैष्णव, धर्मदास हरवानी, हनुमान शर्मा व अमित जैन साहित अन्य सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

धार्मिक आयोजन पर हुई चर्चा

अजमेर । सिन्ध में नवाबशाह में जन्म लेने वाले महापुरूष बाबा ईसरदास की शताब्दी वर्सी 7 से 13 जनवरी 2025 तक ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम, अजयनगर में विशाल श्री राम कथा व रामलीला व धर्म संसद का आयोजन किया जायेगा। व्यास पीठ पर जबलपुर मध्यप्रदेश के स्वामी अशोकानन्द जी राम कथा करेगें। इस संदर्भ में आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन के सानिध्य में समाज की बैठक आयोजित की गई। संत गोतम ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर इस बैठक में संतों व भक्तों को आवास व आवागमन की व्यवस्था, टैन्ट, पाण्डाल में साज सज्जा, भोजन प्रसाद, कलश व शोभा यात्रा, स्वागत सत्कार के साथ अन्य विषयों पर समाज की भागीदारी तय करने व अजमेर की विभिन्न पंचायतों, सामाजिक संगठनों के योगदान व जिम्मेदारियों को तय करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

'दीपावली पर रहेंगे निर्बाध विद्युत आपूर्ति विशेष'

अजमेर, (कासं)। दीपावली के पावन अवसर को देखते हुए अजमेर विद्युत वितरण निगम ने उपभोक्ताओं को निर्बाध गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने अधिकारियों को 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक बिजली आपूर्ति स्थिति, रखरखाव, जीएसएस तथा महत्वपूर्ण लोड सेंटर्स पर स्टाफ की तैनाती सहित महत्वपूर्ण निर्देश दिए है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के एमडी ने कहा कि हम दीपावली के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए हमने सभी वृत्त अधीक्षण अभियंताओं को 30 अक्टूबर से 2 नवंबर के दौरान कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए ड्यूटी चार्ट बनाने के लिए निर्देश दिए थे। अब सभी सर्किल के ड्यूटी चार्ट तैयार हो चुके है। हमें पूरा विश्वास है कि रोशनी के इस पर्व पर अजमेर डिस्कॉम गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति दे सकेगा। एमडी वर्मा ने सभी एक्सईएन ओएंडवी को अपने क्षेत्र में समुचित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी एसई ओएंडएम को बिजली आपूर्ति की स्थिति की निगरानी और रख-रखाव के लिए सक्षम अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सभी संबंधित ठिाड सब स्टेशनों और महत्वपूर्ण लोड केंद्रों पर ड्यूटी सौंपी जाएगी। इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी दीपावली के दौरान बिजली आपूर्ति पर उचित निगरानी रखेंगे।

जिला निष्पादन समिति की बैठक संपन्न

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार जिला निष्पादन समिति तथा मिड-डे-मील कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चन्द्रभान सिंह भाटी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अरूणा गारू, एडीपीसी समग्र शिक्षा योगेश चन्द्र पारीक, सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी सहित ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे।बैठक के दौरान सीईओ चन्द्रभान सिंह भाटी ने शाला संबलन, विद्यार्थियों के आधार प्रमाणीकरण, यू-डाईस प्रगति, पीएमश्री योजना अन्तर्गत शैक्षिणक गतिविधियों आदि की समीक्षा की। सीईओ भाटी ने शाला संबलन कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया एवं शैक्षिणक गतिविधियों को समझने के लिए शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों में नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कोटड़ी, बिजौलिया, जहाजपुर, करेड़ा, बदनोर तथा रायपुर ब्लॉक के विद्यालयों का लक्ष्यानुरूप निरीक्षण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की तथा इसमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने आधार प्रमाणीकरण की स्थिति का मूल्यांकन किया तथा इसमें अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। बैठक के दौरान एडीपीसी समग्र शिक्षा योगेश चन्द्र पारीक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के राजकीय विद्यालयों तथा पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में शिक्षा और अन्य गतिविधियों में सरकार के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए विद्यार्थियों के हितों के मध्यनजर सामूहिक प्रयास करने का आव्हान किया।

समाजसेवी हनुमान गढ़वाल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर हुआ विशाल रक्तदान शिविर आयोजन

मेड़ता सिटी । मेड़ता राजकीय चिकित्सालय में स्वर्गीय हनुमान गढ़वाल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 451 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ महाराज अंतरराष्ट्रीय आचार्य श्री सज्जन राम जी महाराज, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ,पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा,

संदीप चौधरी जनता प्रधान, नवीन मंडा, विधानसभा प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि, मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल ,नगर पालिका ईओ प्रकाश डूडी, मकराना आयुक्त श्रवण राम चौधरी, मेड़ता कांग्रेस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला,सीएससी प्रभारी रामेश्वर बेनीवाल,कृषि मंडी सचिव राजेंद्र रियाड ,एवीवीएनएल ए एक्सईएन रामजीवन जाखड़, आरएएस प्रवीण गुगरवाल , रक्तदान प्रेरक शौकत अली भाटी, अनिल थानवी ,पार्षद महेंद्र भाकर ,पार्षद दिलीप टाक,रामरतन घारू,अनिल चौधरी,सुरेंद्र बापेडिया इत्यादि ने शिविर में शिरकत की ओर लोगों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही लोगों को रक्तदान की महत्वता के बारे में जानकारी दी और इस पुनीत कार्य को ज्यादा से ज्यादा करने के लिए प्रेरित किया।

कुल 451 यूनिट ब्लड का हुआ संग्रहण : इस शिविर में भी इस बार 451 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। जिसमें कई रक्तदाताओं ने 20 बार से अधिक रक्तदान कर चुके हैं ,हनुमान गढ़वाल की मित्र मंडली के द्वारा आयोजित इस शिविर में युवाओं, महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

रक्तदान करते रक्तदाता।

50 से अधिक महिलाओं ने किया रक्तदान दिखा मातृशक्ति का जोश

इस बार के रक्तदान शिविर की सबसे खास बात यह रही कि इस बार महिलाओं ने भी जमकर रक्तदान किया और 50 से अधिक यूनिट महिलाओं ने रक्तदान किया। वहीं दिव्यांग भी नहीं रहे पीछे और उन्होंने भी इस शिविर में रक्तदान किया।

गौरतलब है कि मेड़ता में अब तक सर्वाधिक रक्तदान भी समाजसेवी स्व. हनुमान गढ़वाल की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ था जिसमें 550 से अधिक यूनिट खून एकत्रित किया गया था,इस बार त्यौहार की व्यस्तता के बावजूद भी

■ **शिविर में 451 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया**

लोगों का और उनके मित्र मंडली का जोश काम नहीं हुआ और 451 यूनिट ब्लू संग्रहण करवाया गया।

रक्त संग्रहण हेतु जेएलन अस्पताल अजमेर, महिला अस्पताल अजमेर, क्षेत्रपाल हॉस्पिटल अजमेर,जेएलएन अस्पताल नागौर और स्थानीय मेड़ता सिटी ब्लड बैंक सेंटर सिटी में आई थी और उन्होंने संयुक्त रूप से रक्त संग्रह किया।

शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं का मेवाराम गढ़वाल प्रह्लाद गढ़वाल,सरस्वती गढ़वाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मूलाराम जाखड़, पेमाराम जाखड़, हेतराम विश्नोई, गुमानराम राईका,जस्साराम डिडेल, सुनील नेहरा, रामरतन नेहरा,कैलाश रातंगवाल, विजेंद्र बुगालिया, सुशील मुवाल, रामकिशन, कलवानिया, भवानी सिंह, हंसा गढ़वाल,जय श्री भाकल, आरती, पूजा, जाखड़, सरला गढ़वाल इत्यादि मौजूद रहे।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा/वम्बे योजना के आवासीय आवास संख्या - 12 क्षेत्रफल 40 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री खेमचंद दौलिया पुत्र स्व. श्री हीरालाल निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 23/08/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः श्रीमती शारदा देवी पत्नि स्व. श्री खेमचंद दौलिया, श्री सागर धवल पुत्र स्व. श्री खेमचंद दौलिया, श्री विवेक धवल पुत्र स्व. श्री खेमचंद दौलिया निवासी (तीनों) अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक/न.प.कि/कृ.भूमि/2024/606 दिनांक: 28-7-2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1179/2 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 07 पार्ट-ए क्षेत्रफल 117.50 वर्गगज, भूखण्ड संख्या 07,08 पार्ट-बी क्षेत्रफल 113.39 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 08 पार्ट-सी क्षेत्रफल 111.54 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 342.43 वर्गगज) पर श्री अक्षित जामड पुत्र श्री राजकुमार जामड ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है -

पूर्व में - भूखण्ड संख्या 09 पश्चिम में - भूखण्ड संख्या 06

उत्तर में - अन्य भूखण्ड दक्षिण में - 40 फीट चौडा रास्ता

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/3391 **आम सूचना** दिनांक : 07.10.24

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लॉट गृहपंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

फाइल नं.	आवेदन नाम	मूल आवंटी नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
281	1. श्री कैलाशचन्द पुत्र लक्ष्मी नारायण व्यास 2. आशीष शर्मा पुत्र कैलाशचन्द 3. अवंतिका शर्मा पुत्री कैलाशचन्द शर्मा	रूकमा देवी पत्नि भगवती प्रसाद	श्री श्याम कॉलोनी ख.सं. 341 भू.सं. 69 का उत्तरी हिस्सा	66.66 SQ.YARD	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101323 दिनांक- 28/10/2024

लोक सूचना

श्री SHRI CHHOTU LAL पुत्र श्री SHRI BAKHTAWAR जाति BRAHAMAN निवासी BALDEV NAGAR AJMER, श्री SHRI NARESH KUMAR पुत्र श्री SHRI JEETMAL जाति BRAHAMAN निवासी HATIBHATA AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया